सोमवार
26 जनवरी 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 03
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

34 साल से देहरादून का विश्वास

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल ने परेड ग्राउंड में किया ध्वजारोहण

## ●सूचना विभाग की झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार

संवाददाता

देहरादून। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों को पदक से अलंकरण कर सम्मानित किया।

आज यहां गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों को पदक अलंकरण कर सम्मानित किया गया साथ विभिन्न अधिकारियों को भी उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान सूचना विभाग द्वारा ''उत्तराखण्ड रजत जयंती और शीतकालीन धार्मिक यात्रा व पर्यटन'' पर आधारित झांकी के अलावा महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पर्यटन विभाग, उद्यान विभाग, विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण(उरेडा), वन विभाग, उद्योग विभाग एवं संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं तथा नीतियों पर आधारित मनमोहक झाँकियों का भी प्रदर्शन किया गया।

इस प्रदर्शन में सूचना विभाग की झांकी को प्रथम, संस्कृत शिक्षा विभाग को द्वितीय तथा विद्यालयी शिक्षा विभाग की झांकी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जिन्हें राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में सेना 14वीं डोगरा रेजीमेंट आर्मी, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, हिमाचल पुलिस, 40वीं वाहिनी पीएसी, 40वीं वाहिनी महिला दल, उत्तराखण्ड होमगार्ड्स, प्रान्तीय रक्षक दल, एनसीसी बॉयज, एनसीसी गर्ल्स, अश्व दल, पुलिस संचार, अग्निशमन, सीपीयू ने भव्य परेड में प्रतिभाग किया। परेड करने वाली टुकड़ियों में प्रथम स्थान पर सीआरपीएफ, द्वितीय स्थान पर आईटीबीपी और तृतीय स्थान पर 14वीं डोगरा रेजीमेंट आर्मी रहीं, जिन्हें राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में राज्य के लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक





लोक नृत्य का मनमोहक प्रदर्शन किया, जिसमें राज्य की समृद्ध संस्कृति की झलक देखने को मिली। विभिन्न सांस्कृतिक दलों द्वारा छोलिया नृत्य, गढ़वाली नृत्य, पाइप बैंड आदि का महमोहक प्रदर्शन किया गया, जिसका उपस्थित लोगों ने खूब आनंद लिया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकतंत्र सेनानियों, शहीद राज्य आंदोलनकारियों के परिजनों और राज्य आंदोलनकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। परेड ग्राउंड में आयोजित इस समारोह में पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक', मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती गीता धामी, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल,

▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

दून वैली मेल

## संपादकीय

# गणतंत्र को बनायें मजबूत

अपने गणतंत्र के आठ दशक में देश ने सभी क्षेत्रों में अतुलनीय उपलब्धियां हासिल की है। लेकिन ऐसा नहीं है कि हमने अब तक जो कुछ कर लिया वह बहुत पर्याप्त है। अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। अभी बहुत सारी चुनौतियां देश के सामने है। आज सम्पूर्ण विश्व कई तरह की परेशानियों से जूझ रहा है। यह अलग बात है कि भारत अपनी सभी समस्याओं का खुद समाधान करने में जुटा हुआ है। लेकिन आज देश में बढ़ती महंगाई एक बड़ी चुनौती है। लगातार बढ़ रही जनसंख्या के लिए खाद्यान की उपलब्धता कोई कम बड़ी चुनौती नहीं है। अगर हम देश में बढ़ती महंगाई को नियंत्रण में रखना चाहते है तथा आने वाले दशकों में देश को खाद्यान सम्पन्न बनाना चाहते है तो देश के किसानों को इसके लिए प्रेरित किये जाने की सबसे अहम जरूरत है। पिछले दशकों से देश के किसानों की जो दुर्दशा हुई है। उससे हम सभी भलीं भांति वाकिफ है। देश में किसानों ने अपने संकट के कारण आत्महत्याओ तक की है। उन्हे अपनी मांगों के लिए कई कई माह सड़कों पर प्रदर्शन करने पड़े। अब यह सब रूकना ही चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इस देश की तरक्की का रास्ता गांव व किसानों के खेतों से ही होकर जाता है। किस तरह से किसान को समृद्ध बनाया जा सकता है यह आज देश की सबसे बड़ी जरूरत है। यह अलग बात है कि हम इसके लिए क्या कार्ययोजना तैयार करते है। आज सम्पूर्ण विश्व में आंतकवाद एक गम्भीर चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है। भारत ने आंतकवाद का जो दंश विगत कुछ दशकों में झेला है। भारत हमेशा विश्व राष्ट्रो को इस समस्या से सर्तक करता रहा है। यह अलग बात है कि विकसित देशों ने कभी इसे गम्भीरता से नहीं लिया। आज जब इसकी लपटों से पूरा विश्व घिर चुका है। तब जाकर इस समस्या पर विश्व देशों ने एकजुट होना शुरू किया है। देश के समग्र विकास के लिए एक नई रणनीति नई कार्ययोजनाए और नये जोश की जरूरत है। स्वरोजगार और रोजगार के नये अवसर सृजन करके ही देश के हर युवा हाथों को काम दिलवाया जा सकता है। एक सुनियोजित विकास आज 77 सालों बाद भी अपेक्षित है। आज पूरा विश्व भारत पर नजरें गढ़ाये बैठा है क्योंकि भारत आज बड़ी तेजी से एक बड़ी आर्थिक शक्ति बनकर उभर रहा है। अब गणतंत्र व स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ महज एक अदायगी नहीं रह गयी है। हर बार एक नयी सोच के साथ देश को आगे ले जाने की बात आम हो चुकी है। इस कार्य में आम युवाओं को अपनी सहभागिता तय करनी होगी तभी विकास की नई राह खुलेगी। यह 77 साल का गणतंत्र अपने भविष्य की किन योजनाओं के साथ आगे बढ़ता है यह सब आप और हम पर ही निर्भर करता है।

# लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष ने किया झंडारोहण

कार्यालय संवाददाता



हरिद्वार। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर लघु व्यापार एसो. द्वारा प्रथम वेंडिंग जोन चंडी चौराहा मार्ग पुरानी सब्जी मंडी चौक टैक्सी मैक्सी यूनियन अलकनंदा घाट व समस्त वेंडिंग जोन के प्रांगण में 77 वें गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाते हुए लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए झंडारोहण किया।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा 77 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामना देते स्वच्छता के प्रति सभी रेड़ी पटरी के लघु व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों को संकल्पित करते हुए कहा धर्मानगरी हरिद्वार स्वच्छता के इस अभियान में रेड़ी पटरी के लघु व्यापारी भी अपना भरपूर सहयोग कर स्वच्छता के इस मिशन को कामयाब बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे उन्होंने कहा कि आगामी 15 अगस्त 2026 तक हरिद्वार समस्त नगर निगम क्षेत्र में रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को राज्य सरकार के संरक्षण में स्वरोजगार के अवसर के साथ पांच नए वेंडिंग जोन बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित करते हैं उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 जनवरी 2026 की पूर्व संध्या पर कर्नाटक से भारतवर्ष के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्रेडिट कार्ड सिस्टम से जोड़ा गया है जो कि हर्ष का विषय है। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर लघु व्यापारी में अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों में पूनम माखन, मंजू पाल, सुमन गुप्ता, आशा देवी, सुनीता चौहान, कामिनी मिश्रा, मोहनलाल, जय सिंह बिष्ट ,चंदन रावत ,ओमप्रकाश कल्याण, वीरेंद्र कुमार, रवि कुमार, मुन्नालाल सुदामा, श्याम कुमार, अशोक शर्मा, बालवीर गुप्ता, नीतीश अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# 'गणतंत्र दिवस हमारे संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों का प्रतीक'

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय मे आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



आज यहां उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय मे आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर माहरा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों का प्रतीक है। यह दिन हमें देश की एकता, अखण्डता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि आज जनता को कांग्रेस पार्टी से बहुत अपेक्षायें हैं, क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आम आदमी को केन्द्र में रखकर विकास की योजनायें बनाई हैं। कांग्रेस सरकारों का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना रहा है। अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस के पास गौरवमयी इतिहास तथा देश को आजाद कराने और आजादी के बाद देश को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में खड़ा करने तथा विकास के अनेकानेक आयाम स्थापित करने की उपलब्धि हैं, वहीं दूसरी ओर वर्तमान में प्रदेश व देश की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी देश को तोड़ने, देश की जनता को गुमराह करने, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने तथा कमजोर और दलित वर्ग पर लगातार अत्याचार करने का काम कर रही है। इस अवसर पर करन माहरा ने उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहदों को नमन करते हुए कहा कि आज के दिन हम सभी का कर्तब्य है कि राज्य आन्दोलनकारियों के संघर्ष, त्याग, और बलिदान को याद करें। उन्हीं के बलिदान से हमें अलग राज्य की पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव संविधान, लोकतंत्र और उत्तराखण्ड की अस्मिता की रक्षा के लिए प्रतिबद्व रही है और आगे भी राज्य की जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर महामंत्री राजेन्द्र शाह, नवीन जोशी, सेवादल की चीफ हेमा पुरोहित, अभिनव थापर, बिरेन्द्र पोखरियाल, पूरन रावत महेन्द्र सिंह नेगी गुरू जी, प्रभुलाल बहुगुणा, प्रवक्ता सुजाता पॉल, डॉ. प्रतिमा सिंह, शीशपाल सिंह बिष्ट, पंकज क्षेत्री, मदन लाल, अमरजीत सिंह, ताहिर अली, सुलेमान अली, शिवानी मिश्रा, नजमा खान, मनीष नागपाल, मधुसूधन सुन्दिरियाल, जगदीश धीमान, दर्शन लाल, देवेन्द्र सिंह, राजकुमार जयसवाल, अवधेश पन्त, नवीन रमोला, ललित भद्री, राकेश नेगी, उर्मिला थापा, गोपाल गडिया, सी. पी. सिंह, पिया थापा, नवनीत सती, सावित्रि थापा, मनमोहन सिंह, आदर्श सूद, हेमन्त उप्रेती, विशाल मौर्य, अनिल बस्नेत, सूरज क्षेत्री, गुल मुहम्मद, मंजू आदि उपस्थित थे।

# पैरोल जम्प कर कई वर्षो से पफरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

देहरादून (हसं)। पैरोल जम्प कर कई वर्षो से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी वर्ष 2020 में चोरी के अपराध में जेल गया था जो कोविड के दौरान 90 दिन की पैरोल पर जेल से बाहर आने के दौरान फरार हो गया था। जानकारी के अनुसार थाना सेलाकुई पुलिस द्वारा जिला कारागार देहरादून से कोविड-19 के दौरान 90 दिनों की अन्तरिम जमानत पर रिहा हुए आरोपी अरुण चौधरी पुत्र डालचंद को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी वर्ष 2020 में चोरी के मुकदमें में जेल गया था, जिसे जिला कारागार देहरादून से कोविड 19 के दौरान 90 दिवस के अन्तरिम जमानत पर रिहा किया गया था। आरोपी द्वारा निर्धारित समयावधि के बाद भी न ही न्यायालय के समक्ष आत्मसमपर्ण किया गया और न ही विचाराधीन मुकदमें में जमानत प्राप्त की गई। आरोपी के लगातार फरार रहने पर न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे।

# गणतंत्र दिवस पर 'एक शाम राष्ट्र' के कार्यक्रम आयोजित

कार्यालय संवाददाता



देहरादून। 'हम भारत के लोग' संविधान की प्रस्तावना के इन शब्दों में सरकार, नौकरशाही, जनप्रतिनिधियों के साथ सर्वोपरि इस देश के आम नागरिक हैं जो अब अंग्रेजों के गुलाम नहीं हैं। हम सांप्रदायिक सौहार्द, भाईचारे,एकजुटता और देशप्रेम की भावनाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्यों के साथ अपने संवैधानिक कर्तव्यों का भी निर्वाह कर रहे है।

ये विचार 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर डालनवाला में आयोजित एक शाम राष्ट्र के नाम कार्यक्रम में संगठन अध्यक्ष ब्रिगेडियर केजी बहल ने व्यक्त किए। डॉ दिनेश सक्सेना ने कहा संविधान मे नागरिकों के लिए सामाजिक,आर्थिक,राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने तथा इसमें वैचारिक अभिव्यक्ति,विश्वास,धर्म और उपासना की आजादी के साथ अवसर और प्रतिष्ठा की समानता सुनिश्चित किए जाने के संकल्प उल्लेखनीय हैं हमे मिलकर इन्हें धरातल पर उतरना है। रवींद्रदत्त सेमवाल ने कहा संवैधानिक अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी निर्वहन करना है।संस्थाएं संगठन नौकरशाही पर नियंत्रण रखकर इसे विकास की जगह विनाश का सबब बने अनैतिक कार्यों से रोक सकते हैं।मुकेश शर्मा का विचार था की सामाजिक संस्थाएँ गणतंत्र की रीढ़ हैं।नौकरशाही में जवाबदेही और निगरानी, पारदर्शिता,भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने मे सशक्त। भूमिका का निर्वाह कर सकते हैं। गिरीश भट्ट के अनुसार शिक्षा,स्वास्थ्य,मानवाधिकार जैसे विषयों पर जागरूक संगठन अपनी भूमिका निभाह रहे हैं। तिलक राज शर्मा के अनुसार सामाजिक संस्थाएं परिवार,शिक्षा और धर्मार्थ कार्यों में भी प्रशंसनीय योगदान दे रही हैं।

कार्यक्रम में वेस्ट वारियर्स संस्था के नवीन सडाना ने सहभागियों को राष्ट्रीय शपथ भी दिलाई।संगठन की ओर से अध्यक्ष बहल को इनकी अथक सेवाओं के लिए अंगवस्त्र उड़ाकर गौरादेवी का चित्र भेंट करते हुए सम्मानित भी किया गया। संचालन सुशील त्यागी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में डॉक्टर एस फारुख,राजकुमार बक्षी,रविंद्र दत्त सेमवाल,तिलक राज शर्मा,गिरीश चंद्र भट्ट,नवीन सदाना,डॉ राकेश डंगवाल,डॉ दिनेश सक्सेना, राजकुमार दक्ष,सत्य प्रकाश चौहान, प्रकाश नागियामेजर एम स रावत दिनेश भंडारी,डॉक्टर स्वामी एस चंद्रा,ठाकुर शेर सिंह,सुशील त्यागी, मुकेश नारायण शर्मा,एडवोकेट प्रियंका रानी,हेमलता,अवधेश शर्मा ताराचंद गुप्ता,खुशबीर सिंह आदि शामिल थे।

# डाडा पट्टी रूट पर तीन साल बाद बस सेवा फिर शुरू

रुड़की(आरएनएस)। डाडा पट्टी रूट पर तीन साल बाद शुक्रवार को एक बार फिर रोडवेज बस सेवा शुरू हुई। बस सेवा शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत महसूस हुई है। सबसे अधिक फायदा स्कूली छात्र-छात्राओं और बुजुर्गों को होगा। समूचे घाड़ क्षेत्र में लंबे समय ये यातायात के साधनों का अभाव बना हुआ है। इससे लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। भगवानपुर से डाडा पट्टी गांव तक दो दर्जन से अधिक गांव जुड़े हुए हैं। इस रूट पर बस सुविधा तो दूर तांगा भी नहीं मिलता है। इस समस्या को देखते हुए कुछ साल पहले इस रूट पर रोडवेज की सेवा शुरू की गई थी। हालांकि तीन साल पहले किन्हीं कारणों से यह बस सेवा बंद कर दी गई थी। इससे इस रूट पर यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। लगातार स्थानीय लोग इस रूट पर दोबारा बस सेवा शुरू करने की मांग कर रहे थे। शुक्रवार को रुड़की रोडवेज बस अड्डे से दोबारा से इस रूट पर बस सेवा शुरू कर दी गई है। रोडवेज की एजीएम अमिता सैनी ने बताया कि यह बस सेवा सुबह आठ बजे डाडा पट्टी से बनकर चलेगी। यहां से यह बस रुड़की रोडवेज से होते हुए हरिद्वार जाएगी। इसी तरह शाम को फिर से यह सेवा दोबारा डाडा पट्टी में खत्म होगी। उन्होंने बताया कि यात्रियों की संख्या को देखते हुए बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

# राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल 28-29 जनवरी को

रुद्रपुर(आरएनएस)। 24 फरवरी से 1 मार्च तक हुगली पश्चिम बंगाल में 46वीं सब जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप बालक-बालिका वर्ग में आयोजित होगी। जिसमें उत्तराखंड की टीम भी प्रतिभाग करेगी। इसकी जानकारी उत्तरांचल वॉलीबॉल एसोसिएशन की सचिव सपना देवी ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के सब जूनियर बालक-बालिका की टीम के खिलाड़ियों के चयन ट्रायल प्रक्रिया उत्तरांचल वॉलीबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में 28-29 जनवरी को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में की जाएगी। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी को बालिका वर्ग और 29 जनवरी को बालक वर्ग की टीमों की चयन प्रक्रिया होगी। उन्होंने कहा कि चयन प्रकिया में प्रतिभाग करने के खिलाड़ी उत्तराखंड का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।

# विद्यार्थियों को उनके अधिकार बताए

पिथौरागढ़(आरएनएस)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजकीय इण्टर कॉलेज झूलाघाट में जागरूकता शिविर लगाया। इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मंजू देवी ने छात्र-छात्राओं को उनके विधिक अधिकार व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। सचिव ने विद्यार्थियों को दहेज निषेध अधिनियम, नालसा हैल्प लाइन नम्बर 151०० व साइबर हेल्पलाइन नम्बर 193० के बारे में भी जानकारी दी। बाद में विद्यार्थियों के बीच सेना दिवस विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण बोर्ड से सेवानिवृत कर्नल करम सिंह बिष्ट सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बिजनेस में निवेश के नाम पर 3.27 लाख की ठगी

रुड़की(आरएनएस)। एक युवक एक ऐप के माध्यम से ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है, जिसमें उन्होंने बताया कि ठगों ने उन्हें बिजनेस का लालच देकर विभिन्न बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवाए और लाखो रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित विवेक कुमार निवासी रणसुरा सहारनपुर हाल निवासी आसफनगर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 अक्टूबर 2०25 को उन्हें व्हाट्सऐप पर एक नंबर से कविता रेड्डी के नामक महिला का मैसेज आया। ठग ने उन्हें यूनिक्लो ब्रांड के नाम से एक फर्जी वेबसाइट पर लॉगिन करवाया। इसके बाद, टेलीग्राम और क्लाइंट सपोर्ट के जरिए बिजनेस निवेश का झांसा दिया गया।

# चेक बाउंस के आरोपी को तीन माह का कारावास

रुद्रपुर(आरएनएस)। न्यायिक मजिस्ट्रेट रिजवान अंसारी की अदालत ने शुक्रवार को वर्ष 2०2० के चेक बाउंस मामले में आरोपी को दोषी करार देकर तीन साल का कारावास और तीन लाख के जुर्माने से दंडित किया है। अधिवक्ता सुख दर्शन सिंह ने बताया चंद्रभान निवासी गांधी कॉलोनी ने जानकारी दी थी कि छतरपुर के रहने वाले प्रेम नाथ से अच्छी पहचान थी। 29 सितंबर 2०15 को उसने कारोबार शुरू करने के लिए तीन लाख रुपये उधार मांगे थे और आश्वासन दिया था कि तीन साल बाद रकम लौटा देगा। आरोप था कि समय अवधि निकलने के बाद जब रकम मांगी। तो आरोपी टालमटोली करने लगा। बहुत बार टोकने के बाद आरोपी ने सात दिसंबर 2०2० को चेक दिया। जो दस दिसंबर को बाउंस हो गया। इसके बाद लगातार आरोपी को अधिवक्ता के माध्यम से रकम वापसी का नोटिस भेजा, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया। याचिकाकर्ता ने अदालत में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट रिजवान अंसारी की अदालत में हुई। शुक्रवार को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने चेक बाउंस के मामले में दोषी प्रेमनाथ को सजा सुनाई।

# मां नंदा ने जताई कैलाश जाने की इच्छा, इसी साल 5 सितंबर से होगी बड़ी जात

चमोली(आरएनएस)। मां नंदा की बड़ी जात इसी वर्ष 2०26 में ही होगी। 5 सितंबर को नंदा अपने सिद्धपीठ कुरुड़ मंदिर से कैलाश के लिए विदा होंगी। मां नंदा ने अपने मुख्य अवतारी पुरुष पर अवतरित होकर इसी वर्ष कैलाश जाने की इच्छा जताई। इसके बाद गौड़ ब्राह्मणों ने बड़ी जात के आयोजन का दिनपट्टा तय किया। इसी के साथ मां नंदा की बड़ी जात की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। बड़ी जात यात्रा समिति ने बाकायदा मां नंदा की बड़ी जात का 21 दिन का यात्रा कार्यक्रम भी घोषित कर दिया है। वसंत पंचमी पर्व पर शुक्रवार को मां नंदा के सिद्धपीठ कुरुड़ मंदिर परिसर में नंदा की बड़ी जात का दिनपट्टा कार्यक्रम प्रस्तावित किया था। मां नंदा के मंदिर में सुबह आठ बजे विशेष पूजाएं हुईं। करीब तीन घंटे तक मंदिर में पूजा हुई। इसके बाद दोपहर 1 बजकर 2० मिनट पर सुंग गांव के रमेश सिंह बिष्ट पुत्र भोपाल सिंह चौसिंग्या खाडू को लेकर मंदिर प्रांगण में पहुंचे। इसके बाद मंदिर के पुजारी व मुख्य अवतारी पुरुष मुंशीचंद गौड़ पर मां नंदा और कुंडबगड़ गांव के हिम्मत सिंह महर पर भूमियाल देवता अवतरित हुए। इसके बाद मां नंदा ने इसी साल कैलाश जाने की इच्छा जताई। इसके बाद अपराह्न 1 बजकर 4० मिनट पर कुरुड मंदिर समिति बधाण डोली के अध्यक्ष नरेश गौड़, बंड डोली के अध्यक्ष अशोक गौड़, नंदा देवी बड़ी जात आयोजन समिति के अध्यक्ष कर्नल (सेनि) हरेंद्र सिंह रावत और कुरुड़ मंदिर समिति के अध्यक्ष सुखवीर रौतेला के साथ ही गौड़ ब्राह्मण, 14 सयानों और बधाण, दशोली व बंड क्षेत्र के हकहकूकधारी गांवों के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में दिनपट्टा (यात्रा का संकल्प) कार्यक्रम में बड़ी जात आयोजन की तिथि घोषित कर दी।

5 सितंबर से बड़ी जात कुरुड़ मंदिर से दशोली, बधाण और बंड क्षेत्र की मां नंदा की डोलियां कैलाश के लिए प्रस्थान करेंगी। 2० सितंबर को होमकुंड में नंदा की बड़ी जात होगी। बड़ी जात की तिथि तय होने के बाद विभिन्न गांवों से पहुंची महिला मंगल दल की महिलाओं ने मांगल गीत गाए। लोक गायक दर्शन फरस्वाण ने मां नंदा के साथ ही विभिन्न धार्मिक गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं।

मां नंदा ने इसी वर्ष बड़ी जात के आयोजन की इच्छा जताई तो आयोजन समिति ने माता के इस आदेश को स्वीकार कर यात्रा के सफल संचालन का संकल्प लिया। बड़ी जात आयोजन समिति के अध्यक्ष कर्नल (सेनि) हरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में वॉलेंटियरों को यात्रा तैयारी में लगा दिया जाएगा। माता की इच्छानुसार बड़ी जात होगी अब सरकार की बारी है। यात्रा पड़ावों पर अभी कोई सुधारात्मक काम नहीं हुए हैं। सरकार को जल्द यात्रा पड़ावों पर सुविधाएं विकसित करनी चाहिए। इस वर्ष मां नंदा की यात्रा को राजजात की जगह बड़ी जात नाम दिया गया है जबकि यात्रा के पड़ाव पूर्व की भांति रखे गए हैं। यात्रा होमकुंड तक जाएगी। इसके लिए पड़ावों की घोषणा भी कर दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में जब जात का आयोजन होता है तो ग्रामीण भक्तों के खाने व ठहरने की व्यवस्था कर देते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जात को लेकर एक माह तक उत्साह का माहौल रहता है।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख नंदानगर हीमा देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह बिष्ट, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विरेंद्र सिंह रावत, कांग्रेस प्रवक्ता तेजवीर कंडेरी, व्यापार संघ अध्यक्ष नंदानगर नंदन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# मेयर को सौंपा जन समस्याओं का स्मृतिपत्र

श्रीनगर गढ़वाल(आरएनएस)। अवकाश प्राप्त कर्मचारी विकास संगठन श्रीनगर के सदस्यों ने शुक्रवार को नगर निगम की मेयर आरती भंडारी से भेंट कर नगर की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर स्मृतिपत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने लंबे समय से लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की। पत्र में नगर की चुंगी से भक्तियाना तक स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था किए जाने, क्षेत्र में बंदरों व गुलदार की बढ़ती दहशत से निजात दिलाने, नर्सरी रोड पर पार्किंग व अनियंत्रित आवागमन पर रोक लगाकर दुर्घटनाओं की संभावना कम करने, चुंगी के समीप सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था किए जाने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई है। संगठन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र मैठाणी व सचिव दीनबंधु सिंह चौहान ने बताया कि मेयर ने संगठन के सदस्यों को सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। स्मृति पत्र सौंपने वालों में संगठन के सह सचिव हरि प्रसाद उनियाल, डॉ. भरत सिंह, रामेश्वर पुरी आदि शामिल थे।

# बारिश और ठंड के बीच भी धरने पर डटे रहे आंदोलनकारी

उत्तरकाशी(आरएनएस)। तांबाखाणी सुरंग के बाहर कचरा डंपिंग जोन हटाने की मांग को लेकर हनुमान चौक पर प्रदर्शनकारियों का धरना जारी रहा। बारिश और ठंड के बावजूद आंदोलनकारी धरने पर डटे रहे और कूड़ा निस्तारण को लेकर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तांबाखाणी सुरंग के बाहर से कचरा हटाने की मांग को लेकर गोपीनाथ व उनके समर्थकों का धरना शुक्रवार को बारिश और कड़ाके ठंड के बीच जारी रहा। धरने पर बैठे गोपीनाथ ने कहा कि कड़ाके की ठंड में भी हम खुले आसमान के नीचे बैठे हैं, लेकिन पालिका और प्रशासन अभी भी सोया हुआ है।

# अग्निवीर भर्ती रैली - पौड़ी जिले के 11०० से अधिक युवाओं ने किया प्रतिभाग

कोटद्वार(आरएनएस)। विक्टोरिया क्रॉस, गबर सिंह कैंप कौड़िया में चल रही भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली के नौवें दिन शुक्रवार को अग्निवीर जीडी के पदों के लिए पौड़ी जनपद के पंजीकृत 1,189 में से 1,1०० से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। शुक्रवार सुबह कोटद्वार के कौड़िया स्थित विक्टोरिया क्रॉस गबर सिंह कैंप में आयोजित भर्ती रैली के नौवें दिन पौड़ी जनपद के युवाओं ने प्रतिभाग किया। भर्ती रैली के लिए रात दो बजे से ही काशीरामपुर तल्ला स्थित प्रवेश स्थल में युवा जुटने शुरू हो गए थे। आधार कार्ड सत्यापन व प्रवेश पत्रों की जांच के बाद युवाओं को कौड़िया कैंप भर्ती मैदान में ले जाया गया। दौड़ में युवाओं ने अपना दमखम दिखाया, लेकिन 55० युवा ही दौड़ में सफल हो पाए। अगले चरण में चयनित युवाओं का मेडिकल परीक्षण होगा।

# पांच दशक बाद खोले गए बाड़ाहाट स्थित दत्तात्रेय मंदिर के दरवाजे

उत्तरकाशी(आरएनएस)। भैरव चौक स्थित दत्तात्रेय मंदिर का दरवाजा बाड़ाहाट के आराध्य कंडार देवता की देवडोली के सानिध्य में वसंत पंचमी पर करीब पांच दशक बाद विधिविधान के साथ खोला गया था।

पुजारी पुरी परिवार और स्थानीय लोगों की ओर से दीया जलाकर वहां पर दोबारा पूजा करने का संकल्प लिया गया। साथ ही जल्द ही इसके जीर्णोद्धार के लिए समिति का निर्माण कर कार्य शुरू करवाया जाएगा। बाड़ाहाट क्षेत्र में करीब 13वीं सदी में हाड़ी और पहाड़ी शैली में बना दत्तात्रेय मंदिर पर करीब पांच दशक से ताला लगा हुआ था। वर्ष 195० में मंदिर से दत्तात्रेय की मूर्ति चोरी हो गई थी। उसके बाद कुछ वर्षों तक वहां पर घुमक्कड़ी साधु निवास करते थे।

मंदिर के संरक्षण को देखते हुए वहां पर ताला लगा दिया गया था। करीब पांच और छह दशक से मंदिर अपने जीर्णोद्धार की बाट जोह रहा था। क्योंकि इसके पास मंदिर श्रृंखला में शामिल परशुराम, चमाला की चौरी, अन्नपूर्णा मंदिर का जीर्णोद्धार हो चुका है। सभासद अमेरिकन पुरी ने बताया कि पुजारी पुरी परिवार के लोगों और स्थानीय निवासियों ने आपसी सहमति पर इसके दरवाजे खोलने पर विचार किया गया। इसके बाद बाड़ाहाट के आराध्य कंडार देवता से इस संबंध में अनुमति ली गई तो उन्होंने वसंत पंचमी पर मंदिर के दरवाजे खोलने के आदेश दिए। इसलिए शुक्रवार को देव डोली के सानिध्य में मंदिर के गर्भगृह के दरवाजे खोलकर वहां पर दीपक जलाकर विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिर का इतिहास राहुल सांकृत्यायन की यात्रा संस्मरण सहित कई इतिहास की किताबों में मिलता है कि यह 13वीं और 14वीं शताब्दी में बनाया गया मंदिर है।


उत्तराखण्ड शासन

संकल्प से शिखर तक

# गणतंत्र दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएँ

26 जनवरी



"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## संकल्प नये उत्तराखण्ड का


- स्वतंत्र भारत के इतिहास में समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश में प्रथम राज्य बना उत्तराखण्ड।
- नीति आयोग द्वारा जारी निर्यात तैयारी सूचकांक (Export Preparedness Index – EPI) 2024
- सेंटर का निर्माण कार्य गतिमान।
- राज्य में महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण हुआ लागू। सहकारी प्रबंध समितियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित।

**विकास के नये अध्याय**
की ओर अग्रसर

देवभूमि उत्तराखण्ड

(Export Preparedness Index – EPI) 2024 में उत्तराखंड ने छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान किया प्राप्त।

- बीते 4 वर्षों में 26,500 से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी।
- उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक, 2025 को मिली मंजूरी। प्रदेश में संचालित मदरसों को अब उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण से लेनी होगी मान्यता।
- राज्य में 10 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि हुई अतिक्रमण से मुक्त।
- राज्य के इतिहास में पहली बार 1 लाख करोड़ से अधिक का बजट।
- ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में ₹ 3.56 लाख करोड़ के एम.ओ.यू. हुए साईन। इस वर्ष तक ₹ 1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की हो चुकी ग्राउंडिंग।
- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) द्वारा जारी States' Startup Ecosystem Ranking (5वां संस्करण) में उत्तराखण्ड को मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करने में 'लीडर' के रूप में मिली मान्यता
- राज्य आंदोलनकारियों के लिए सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण हुआ लागू।
- राज्य में सशक्त भू कानून हुआ लागू।
- राज्य में सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून, सख्त नकल विरोधी कानून, एवं दंगारोधी कानून हुआ लागू।
- राज्य में कुल 58 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड किए गए वितरित।
- उद्यम सिंह नगर के किच्छा में एम्स की सैटलाइट आरक्षण सुनिश्चित।
- शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को ₹ 10 लाख से बढ़ाकर किया ₹50 लाख। परमवीर चक्र विजेताओं की अनुग्रह राशि ₹50 लाख से बढ़ाकर की गई डेढ़ करोड़।
- केदारनाथ पुनर्निमाण और बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत पौराणिक मंदिर के पुनर्निमाण का कार्य जारी।
- गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास।
- दिल्ली देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड के बनने से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 70 प्रतिशत कार्य हुआ पूरा।
- नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) इंडेक्स में उत्तराखंड को मिला देश में प्रथम स्थान।
- छद्म भेषधारियों के खिलाफ ऑपरेशन कालनेमि की हुई शुरुवात।
- खनन सुधारों में उत्तराखण्ड का उत्कृष्ट प्रदर्शन, देश में हासिल किया दूसरा स्थान , केंद्र सरकार ने जारी की ₹200 करोड़ की प्रोत्साहन राशि।
- उत्तराखंड ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया सफल आयोजन, कुल 103 पदक जीतकर, पदक तालिका में 7वां स्थान किया हासिल।
- राज्य के स्कूलों में बच्चों के पाठ्यचर्या में शामिल होगा श्रीमद् भगवत गीता का अध्ययन
- उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये मेगा इण्डस्ट्रियल एवं इन्वेस्टमेंट नीति-2025 मंजूरी




## प्रधानमंत्री जी के नौ आग्रह

**स्थानीय लोगों से:**

बोली भाषा का संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छ जल, गांव से जुड़ाव, तिबारी वाले घरों को संवारें

**पर्यटकों से :**

सिंगल यूज प्लास्टिक से बचें, वोकल फॉर लोकल, यातायात के नियम अपनाएं, तीर्थों की मर्यादा का पालन करें

#ExploreUttarakhand @DIPR_UK

**सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।**

www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

## भाजपा प्रदेश मंत्री ने घायल बच्चे का हाल जाना

पिथौरागढ़(आरएनएस)। जाजरदेवल के जीवी क्षेत्र में बीते दिनों गुलदार के हमले से घायल दस वर्षीय बच्चे का भाजपा प्रदेश मंत्री दीपिका ने हाल जाना। शुक्रवार को दीपिका जीवी पहुंची। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार के साथ वार्ता की और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। ग्रामीणों ने भाजपा प्रदेश मंत्री दीपिका के सामने क्षेत्र की समस्याएं भी रखीं। कहा क गुलदार के हमले के बाद से क्षेत्र के लोग डरे हुए हैं। गांव में स्ट्रीट लाइट तक नहीं है। जगह-जगह झाड़ियों का भी ढेर लगा हुआ है। उन्होंने दीपिका से गांव में स्ट्रीट लाइट लगवाने, झाड़ी कटान करने की मांग की। बता दें कि बीते मंगलवार की देर शाम गुलदार ने दस वर्षीय प्रकाश को हमला कर घायल किया। हादसे में प्रकाश के चेहरे पर गंभीर चोट आई।

## महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड शिविर लगा

पिथौरागढ़(आरएनएस)। नगर स्थित जिला महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड शिविर लगा। शुक्रवार को शिविर में दूर-दराज के क्षेत्रों से गर्भवती महिलाएं पहुंची। इस दौरान महिलाएं अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर पर्चा लगाकर इंतजार कर रहे थे। चिकित्सक ने बारी-बारी से सभी गर्भवतियों का अल्ट्रासाउंट किया।

## ऊर्जा निगम ने बकायादारों से सवा दो लाख वसूल किए

रुद्रपुर(आरएनएस)। ऊर्जा निगम ने एक दिवसीय विद्युत कैंप लगाकर बिजली बिल के बड़े बकायादारों दो लाख बीस हजार रुपये वसूल किए। उपखंड अधिकारी विद्युत अंबिका यादव के निर्देशन में ग्राम सरपुड़ा में एक दिवसीय विद्युत कैंप लगाकर बिजली के बड़े बकायादारों से दो लाख बीस हजार रुपये वसूल किए और 25 बड़े बकायादारों कनेक्शन भी काटे गए। विद्युत निगम की विभागीय कार्रवाई से बिजली उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। हल्दी पावर स्टेशन जेई विनोद जोशी ने विद्युत उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील की। यहां कैंप में गुलाब सिंह, गोविंद सिंह,जोसेफ गिल, दीपक रावत आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने नाचनी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया

पिथौरागढ़(आरएनएस)। नाचनी थाने का एसपी रेखा यादव ने वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के मालखाना, थाना कार्यालय, आर्मस-एम्यूनिशन, आपदा उपकरण, अभिलेखों का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों के बारे में भी जानकारी ली और लंबित मामलों का भी शीघ्र निस्तारण करने को कहा। बाद में उन्होंने थाने में व्यापार मण्डल, टैक्सी यूनियन, ग्राम प्रहरीयों और स्थानीय जनता के साथ गोष्ठी कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही थाने में नियुक्त समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों से उनके ड्यूटी और पारिवारिक समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। यहां थानाध्यक्ष मंगल सिंह नेगी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### सू- दोकू क्र.022

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र. 21 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# बारिश और बर्फबारी से किसान- बागवानों के चेहरे खिले

विकासनगर(आरएनएस)। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार बर्फबारी और बारिश हो ही गई। बारिश और बर्फबारी से किसान- बागवानों के चेहरे खिल उठे हैं। खासकर सेब की फसल के लिए यह बर्फबारी संजीवनी साबित होगी। इसके अलावा अन्य फसालों आड़ू, खुमानी, पुलम,चुल्लू, नाशपाती को भी यह बारिश और बर्फबारी काफी फायदा पहुंचाएगी। दरअसल, सेब के लिए बर्फबारी काफी मुफीद होती है। क्योंकि यह पेड़ों को आवश्यक चिलिंग आवर्स देती है। जो सुप्तावस्था एक समान फूल आने और अच्छी फसल के लिए जरूरी है। बर्फबारी की कमी से पैदावार घटती है और रोग की आशंका बनी रहती है। बफबारी से मिट्टी में नमी बनी रहती है। साथ ही यह हानिकारण कीटों और रोगों को खत्म करती है। जिससे फलों की गुणवत्ता और उत्पादन बढ़ता है। आमतौर में चकराता, जौनसार क्षेत्र में दिसंबर अंत तक बर्फबारी हो जाती थी, लेकिन इस बार अभी तक सूखे जैसे हालत थे। जिससे बागवानों के चेहरे से रौनक उड़ी थी। उन्हें उत्पादन कम होने की चिंता रही थी। लेकिन बर्फबारी होने से अब किसानों, बागवानों के चेहरे पर रौनक लौट गई है। सेब एक्सपर्ट नरेश चौहान ने बताया कि इस वर्ष जनवरी आखिर में बारिश और बर्फबारी हुई। फिर भी सेब के लिए फायदेमंद साबित होगी। बागवान संजय जोशी ने बताया देर से बारिश बर्फबारी का बागवानी कार्य, बगीचों के तौलिए बनाने, निडाई, गुडाई, खाद, गोबर डालना, कटिंग पुरोनिग आदि कार्य प्रभावित हुए हैं। बागवान लायक राम शर्मा बताते है कि अब उम्मीद जगी है। बर्फ बारिश से सेब का अच्छा उत्पादन होगा। सीएचओ डॉ. दिनेश कुमार तिवारी ने बताया बर्फबारी बारिश सेब के सहित सभी फलदार फसलों के लिए लाभदायक है।

देहरादून जिले के जनजातीय क्षेत्र जौनसार बावर में खेती बाड़ी करने वाले किसानों के लिए ये बारिश किसी वरदान से कम नहीं है। पिछले चार महीनों से आसमान से एक बूंद भी नहीं गिरी। जिससे क्षेत्र के किसानों के चेहरे मायूस थे। क्षेत्र में किसानों द्वारा नगदी फसलों का उत्पादन किया जाता है। जो पूरी तरह आसमानी बारिश पर निर्भर है। क्षेत्रीय किसानों ने इस समय मटर, लहसुन, गेहूं, जौ, मसूर आदि फसलों की बड़े पैमाने पर खेती की है, लेकिन बारिश नहीं होने से फसल सूखने की कगार पर थी। वहीं कुछ किसानों ने बारिश की आस में अभी तक मटर की बुवाई नहीं की थी। साहिया क्षेत्र के सुरेऊ, भंजरा, ऊभरेऊ, जिसऊ, देऊ, डांडा, अलसी, सकनी, कोठा तारली, चंदोऊ, सैंज आदि गांवों के किसानों ने बड़ी मात्रा में मटर, लहसुन, गेहूं आदि फसलों की बुवाई की है। क्षेत्र के किसान स्वरूप सिंह, प्रताप सिंह तोमर, कृपाल सिंह बिष्ट, दयाराम नेगी आदि किसानों ने बताया कि वे काफी समय से बारिश का इंतजार कर रहे थे, बारिश होने से कुछ उम्मीद जगी है अगर समय रहते बारिश होती तो किसानों को फसलों को इसका और अधिक लाभ मिलता। कहा कि मटर और लहसुन के बीज महंगे दामों पर खरीदे गए हैं। ऐंसे में इस बारिश से बीज, खाद व अन्य लागत वसूल होने की आशा है।

## लोगों ने राजस्व व शिक्षा विभाग की शिकायत कराई दर्ज

पिथौरागढ़(आरएनएस)। जीआईसी भूलीगांव में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

एसडीएम यशवीर सिंह ने शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक फकीर राम टम्टा व दायित्वधारी हेमराज बिष्ट ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल दफ्तरों से योजनाएं चलाना नहीं, बल्कि गाँव के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को उसका लाभ दिलाना है।

इस दौरान राजस्व, समाज कल्याण, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग से संबंधित शिकायतों की भरमार रही,एसडीएम ने संबधित पटवारी व अधिकारियों को जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

इस दौरान अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दर्पण कुमार,भगवान डोभाल,भगवान बिष्ट,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोलू पाठक,जिला पंचायत सदस्य रोहित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट 18 मई को खुलेंगे

चमोली(आरएनएस)। चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट आगामी 18 मई को दोपहर 12 बजकर 57 मिनट पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। शुक्रवार को सुबह नौ बजे गोपीनाथ मंदिर परिसर में पपड़ियाणा गांव के पंडित दिनेश चंद्र थपलियाल ने पंचांग पूजा और गणना के बाद रुद्रनाथ मंदिर के कपाट खोलने की तिथि घोषित की। रुद्रनाथ मंदिर के पुजारी हरीश भट्ट ने बताया कि ज्येष्ठ संक्रांति 15 मई को रुद्रनाथ की उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल गोपीनाथ मंदिर के गर्भगृह से बाहर लाई जाएगी। डोली को दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ रखा जाएगा। 16 मई को भी डोली गोपीनाथ मंदिर परिसर में रहेगी। 17 मई को सुबह आठ बजे डोली ल्वींठी खर्क के लिए प्रस्थान करेगी। रात्रि प्रवास यहीं कर 18 मई को डोली रुद्रनाथ के लिए रवाना होगी। दोपहर 12 बजे डोली रुद्रनाथ मंदिर पहुंचेगी और रोहिणी नक्षत्र में दोपहर 12 बजकर 57 मिनट पर रुद्रनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

## धान खरीद की जांच की मांग को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

रुद्रपुर(आरएनएस)। सितारगंज ब्लॉक में धान खरीद में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम रविंद्र जुवांठा के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। शुक्रवार को किसान नेता गुरसाहब सिंह के नेतृत्व में किसानों ने कहा है कि इस बार मण्डी समेत ब्लॉक में लगाये गये धान केंद्रों में रिकार्ड धान खरीद दर्शायी गयी है। लेकिन किसान धान बेचने के लिए केंद्रों में भटकते रहे। किसानों को हमेशा पोर्टल भरने की बात केंद्रों पर बताया जाता रहा। जबकि अंतिम दिन तक धान खरीद होती रही। किसानों ने आरोप लगाया कि किसानों का धान नहीं खरीदकर यूपी से खरीदे गये व्यापारियों का धान खरीदा गया। व्यापारियों व बिचौलियों से सस्ते दामों में धान खरीदकर अफसरों व कर्मचारियों से मिलकर सरकारी पोर्टल में धान चढ़ाया गया है। किसानों को औने-पौने दामों पर धान बेचना पड़ा। किसानों ने धान खरीद, लेबर चार्ज, ट्रांसपोर्ट चार्ज के नाम हुई लूट की जांच की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी कि धान खरीद की जांच नहीं होने पर किसान आंदोलन करेंगे।

# परीक्षा पे चर्चा के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय अव्वल

अल्मोड़ा(आरएनएस)। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार परीक्षा पे चर्चा के नवें संस्करण के अंतर्गत शुक्रवार को पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा में जनपद स्तरीय अंतर-विद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा, आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा, पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय रानीखेत, बीरशिबा सीनियर सेकेंडरी स्कूल अल्मोड़ा, राजकीय इंटर कॉलेज स्यालीधार और होली एंजेल्स पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा के कुल 100 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता दो वर्गों में कराई गई। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। कनिष्ठ वर्ग में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय रानीखेत के तेजस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय रानीखेत की अदिति, आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा की मानसी बिष्ट और पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा के लक्षित छेत्री रहे। आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा के यथार्थ जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा के देवांशु पालीवाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान होली एंजेल्स पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा के शाश्वत पांडे को मिला। तृतीय स्थान पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय रानीखेत के प्रत्यक्ष और पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा के जतिन बिष्ट ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य वी. राम ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाण पत्र और स्वदेशी पत्रिका भी प्रदान की गई। प्रभारी प्राचार्य वी. राम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में हर तरह की परीक्षा के लिए तैयार रहना जरूरी है। अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास के जरिए ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को अल्पाहार भी वितरित किया गया।



ऋषिकेश: वरिष्ठ पत्रकार के.के. सचदेवा की बेटी सान्या सचदेवा मेरठ के प्रसिद्ध उद्योगपति उदित छाबड़ा के साथ परिणय सूत्र में बंधी।

# श्री मां वैष्णों सेवा मण्डल द्वारा तृतीय माता की चौकी का भव्य आयोजन



संवाददाता

देहरादून। श्री मां वैष्णों सेवा मण्डल द्वारा 31 जनवरी को तृतीय माता की भावपूर्ण चौकी का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

आज यहां श्री मां वैष्णों सेवा मण्डल अध्यक्ष सचिन विज ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री मां वैष्णों सेवा मण्डल द्वारा तृतीय माता की भावपूर्ण चौकी का भव्य आयोजन श्री निवास वैडिंग प्वाइंट में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में माता को 56 भोग अर्पित किये जाएंगे और 5100 दीयों के साथ भव्य दीपावली मनाई जाएगी। विज ने बताया कि यह चौकी पिछले तीन वर्षो से मण्डल द्वारा निरंतर आयोजित की जा रही है। उन्होंने मण्डल के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका लक्ष्य आज के युवा वर्ग को धर्म से जोडना और समाज की कुरीतियों से दूर करना है। इस आयोजन की सबसे बडी विशेषता यह है कि यहां किसी भी प्रकार की नकद राशि, रूपये-पैसों की अरदास या दान राशि स्वीकार नहीं की जाती है। श्रद्धालु केवल फूलों के द्वारा माता के चरणों में माथा टेकते हैं। श्री मां वैष्णों सेवा मण्डल दिल्ली के अध्यक्ष राज सहगल और उनके सभी सदस्यों द्वारा मां का गुणगान किया जाएगा सभी भक्तों से अनुरोध है कि भव्य आयोजन में उपस्थित होकर अपने जीवन को सफल बनाएं और मां का अशीर्वाद प्राप्त करें। इस आयोजन को सफल बनाने में सचिन विज, प्रदीप सुदी, सुमित कोहली, अशोक मल्होत्रा, सतीश कक्कड, सन्नी अलग, तनु विज, डोली वाध वा, श्वेता नरूला, एवं सेवादारों का विशेष सहयोग रहा है।

# भूमि के नाम पर ठगे 19 लाख

संवाददाता

देहरादून। भूमि के नाम पर 19 लाख रूपये की ठगी करने के मामले में पति पत्नी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला निवासी अनूप नेगी ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पहचान रायवाला निवासी प्रेमा देवी व उसके पति मित्रानन्द नौटियाल से हुई। दोनों ने उसको रायवाला में एक भूमि दिखायी और स्वंय को भूमि का मालिक बताकर उससे बेचने का सौदा किया। जिसके बाद उसने उनको 19 लाख रूपये बयाना दे दिया। लेकिन उसके बाद न तो उन्होंने उसको वह भूमि दी और न ही उसके रूपये वापस लौटाये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल ने परेड...

◀◀ पृष्ठ 2 का शेष

सांसद नरेश बंसल, सांसद महेन्द्र भट्ट, विधायक खजान दास, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, एसएसपी अजय सिंह सहित पुलिस तथा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि गण एवं जनसामान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# तिरंगे की आन-बान-शान, भारत माता के जयकारों से गूंजा पूरा हरिद्वार

संवाददाता

हरिद्वार। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन रोशनाबाद स्थित परेड् ग्राउंड में शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आज यहां 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन रोशनाबाद हरिद्वार स्थित परेड् ग्राउंड में शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर पुलिस लाइन कैम्पस एवं आसपास के क्षेत्र से आए लोगों के बीच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल आईपीएस द्वारा पुष्पगुच्छ देकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन, सांस्कृतिक व सिंचाई मंत्री प्रभारी मंत्री जनपद हरिद्वार सतपाल महाराज का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं राष्ट्रीय गान के पश्चात परेड् कमांडर सीओ अभिनव चौधरी द्वारा सलामी दी गई व मुख्य अतिथि द्वारा सम्पूर्ण परेड का निरीक्षण करते हुए जवानों का होसला बढाया गया। निरीक्षण के पश्चात सेरेमोनियल ड्रेस से सुसज्जित नागरिक पुलिस, सशस्त्र पुलिस, पीएसी, यातायात पुलिस, होमगार्ड्स व पीआरडी के जवानों एंव पुलिस की विभिन्न यूनिटों द्वारा टोलीवार मंच के सामने से गुजरते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी तथा सीपीयू, चेतक, इन्टरसेप्टर, एफएसएल, डॉग स्क्वायड, संचार शाखा, क्यूआरटी, फायर



सर्विस, जल पुलिस, वज्र वाहन, महिला सशक्तिकरण एवं महिला विकास, अक्षय उर्जा विकास प्राधिकरण, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, पर्यटन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं खेल विभाग हरिद्वार की झांकियों द्वारा इस अवसर पर आमजन को जागरुक करते हुए झाँकियों निकाली गई।

मुख्य अतिथि द्वारा परेड को संबोधित करते हुए बेहतरीन मार्च पास्ट करने पर परेड को एक लाख रुपए की सम्मान राशि से नवाजा गया। तदोपरांत शुरू हुए रंगारंग कार्यक्रम के दौरान पीएमएस हरिद्वार व अन्य स्थानीय स्कूली बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत गीतों पर नन्हे बच्चों द्वारा किया गया नाट्य मंचन विशेष रुप से मनोहारी रहा। उक्त प्रदर्शन देख जनता के साथ-साथ मुख्य अतिथि व अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा न सिर्फ तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बच्चों का उत्साहवर्धन किया बल्कि मुख्य अतिथि ने शानदार प्रस्तुति कर रहे बच्चों को अपने पास बुला कर मौके पर हौसला अफजाई भी की। विभिन्न स्कूलों के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। साथ ही विभिन विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी हरिद्वार सहित पुलिस व प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 77वें गणतंत्र दिवस पर एसएसपी ने किया पुलिस लाइन में ध्वजारोहण



हमारे संवाददाता

देहरादून। 77 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा पुलिस लाइन देहरादून में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान एसएसपी देहरादून द्वारा उपस्थित सभी अधिनस्थों को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने कर्तवों का पालन करने के लिए प्रेरित करते हुए संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई गई।

ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान एसएसपी देहरादून द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्यो के लिए राष्ट्रपति पदक, राज्यपाल उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा डिस्क तथा सराहनीय सेवा डिस्क प्राप्त करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के नामो को पढ़कर उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों को अवगत कराया गया। जनपद देहरादून के सभी थाना/चौकियो/कार्यालयों में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडारोहण कर उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई।

# 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## जिला कार्यालय परिसर में जिलाधिकारी ने किया ध्वजारोहण

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। जनपद में 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला कार्यालय परिसर एवं कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान विश्व के सबसे सशक्त, सबसे बड़ा, दृढ़ व लचीला संविधान है जोकि समयानुकूल विभिन्न आवश्यकताओं को समाहित करता है। समाज में फैली कुरीतियों व अस्पृश्यता का अन्त करने में संविधान महत्वपूर्ण है जिसमें सभी के हितों की रक्षा के लिए सम्मान अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि जनपद एवं प्रदेश की उन्नति के लिए सभी को अपने दायित्व का निर्वहन निष्ठा एवं ईमानदारी से करें, जिससे कि जनपद एवं प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकें।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि जनपद में चलाए जा रहे सफाई अभियान में सभी और तेजी लाते जिससे कि जनपद साफ



स्वच्छ जनपद बनाया जा सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पी आर चौहान ने कहा कि राज्य एवं जनपद को खुशहाल बनाने के लिए सभी को अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करना चाहिए जिससे कि जनपद विकास के पथ पर अग्रसर हो सकें। इस अवसर पर आनन्दमयी सेवा सदन के छात्राओं ने राष्ट्रीय गान एवं देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधि कारी वित्त एवं राजस्व दीपेन्द्र सिंह नेगी, वरिष्ठ कोषाधिकारी अजय कुमार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, मुख्य वैयक्तिक अधिकारी सुदेश कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस महान संकल्प, संघर्ष और दूरदृष्टी का प्रतीकः मुख्य सचिव

संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सचिवालय परिसर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वज फहराकर सभी प्रदेशवासियों एवं सचिवालय में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



आज यहां मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सचिवालय परिसर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वज फहराकर सभी प्रदेशवासियों एवं सचिवालय में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि हम सब यहाँ भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के एक अत्यंत गौरवपूर्ण एवं पावन पर्व पर एकत्रित हुए हैं। यह दिन केवल एक औपचारिक तिथि नहीं है, बल्कि उस महान संकल्प, संघर्ष और दूरदृष्टि का प्रतीक है, जिसके बल पर भारत ने स्वयं को एक सम्प्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में प्रतिष्ठित किया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन, 26 जनवरी 1950 को, भारत ने अपने संविधान को अंगीकार कर यह घोषणा की कि इस देश की सत्ता का अंतिम स्रोत उसकी जनता होगी। यह वह क्षण था जब सदियों की दासता के बाद भारत ने न केवल राजनीतिक स्वतंत्रता, बल्कि संवैधानिक स्वराज भी प्राप्त किया। मुख्य सचिव ने कहा कि हमारा संविधान केवल कानूनों का संकलन नहीं है, बल्कि यह भारत की आत्मा, चेतना और चरित्र का दर्पण है। डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में निर्मित यह संविधान हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों से जोड़ता है। संविधान ने हमें अधिकार दिए हैं, परंतु उससे भी अधिक हमें हमारे कर्तव्यों का बोध कराया है। मुख्य सचिव ने कहा कि हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि हम केवल शासकीय कार्य नहीं कर रहे, बल्कि हम जनता के सेवक हैं। हमारी हर फाइल, हर नीति और हर निर्णय प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किसी नागरिक के जीवन को प्रभावित

**●मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर प्रदेशवासियों को दी गणतंत्र दिवस की बधाई**

करता है। इसलिए प्रशासन में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही केवल शब्द नहीं, बल्कि हमारा आचरण होना चाहिए। उत्तराखंड केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, त्याग और सपनों की उपज है। यह उन माताओं की आँखों में बसे सपनों का परिणाम है, जिन्होंने अपने बच्चों को आंदोलन में झोंक दिया। यह उन युवाओं की आहुति का फल है, जिन्होंने एक बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष किया। मुख्य सचिव ने कहा कि भारत आज विश्व का सबसे युवा देश है, और उत्तराखंड भी इस ऊर्जा से परिपूर्ण है। युवा ऊर्जा यदि सही दिशा में प्रवाहित हो, तो असंभव को भी संभव बना सकती है। आज प्रशासन में तकनीक केवल सहायक नहीं, बल्कि एक अनिवार्य उपकरण बन चुकी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शासन को अधिक तेज, सटीक और पारदर्शी बना रहे हैं। हमें तकनीक से डरना नहीं, बल्कि उसे मानवीय संवेदनाओं के साथ जोड़ना है। भारत आज वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत /2047 का संकल्प केवल केंद्र सरकार का नहीं, बल्कि हर राज्य और हर कर्मचारी का साझा संकल्प है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, एल फैनाई, आर मीनाक्षी सुंदरम, सभी सचिव, अपर सचिव सचिवालय के अधिकारी कर्मचारी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

## 77वें गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री धामी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।



आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को संविधान की उद्देशिका की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए हम सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा राज्य के समग्र विकास के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।

## गणतंत्र दिवस पर सूचना महानिदेशक ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

संवाददाता

देहरादून। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने सूचना भवन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

आज यहां गणतंत्र दिवस के अवसर पर सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने सूचना भवन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा, एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई।



**अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा, एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई**

ध्वजारोहण के उपरांत अपने संबोधन में महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र, संवैधानिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। संविधान ने हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराया है, जिनका ईमानदारी से पालन करना प्रत्येक नागरिक और विशेष रूप से लोकसेवकों की जिम्मेदारी है।

महानिदेशक ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ करें तथा संविधान की भावना के अनुरूप राज्य और देश की प्रगति में सक्रिय योगदान दें।

इस अवसर पर सूचना विभाग के अपर निदेशक आशिष त्रिपाठी, उपनिदेशक रवि बिजारनिया, सहायक निदेशक श्रीमति अर्चना सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर जिलाधिकारी सविन बंसल ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया ध्वजारोहण

संवाददाता

देहरादून। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिलाधिकारी सविन बंसल ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसपर जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।



आज यहां गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिलाधिकारी सविन बंसल ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसपर जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत का संविधान हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण देश के प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। कहा कि सरकारी अधिकारी कर्मचारी लोकतंत्र के एक अंग है जिनका कर्तव्य लोकतांत्रित मूल्यों के साथ राज्य देश को को आगे बढाने में इसलिए एक अधिकारी कर्मचारी के तौर पर उनकी भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती है। सरकारी अधिकारी एक लोक सेवक के रूप में अपने जिले, राज्य एवं राष्ट्र में पूर्ण मनोबल से कार्य करने का प्रयास करते है उसका लक्ष्य यही है कैसे राज्य देश को आर्थिक, सामाजिक इंस्फ्रास्ट्रक्चर विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी साथ संजौना है। भारत वर्ष अन्य राष्ट्रों से अलग यहां की बोली, भाषा, संस्कृति हर क्षेत्र में भिन्न है। उन्होंने संविधान निर्माताओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संविधान के मूल्यों को आत्मसात कर अपने कर्तव्यों का निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती प्रशासनिक पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जनसेवा की भावना से ही संभव है। उन्होंने जिले के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी मुख्यालय अपूर्वा सिंह, उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी, सहायक निदेशक/जिला सूचना अधिकारी बीसी नेगी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल, प्रशासनिक अधिकारी हरीश पाण्डेय सहित कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभागों, सूचना विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, *एडवोकेट*
बैजनाथ, *एडवोकेट*
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*